Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 जुलाई, 2022

अग्रदूत समाचार पत्र

अग्रदूत भारत में प्रकाशित होने वाला **असमिया भाषा का एक समाचार पत्र** है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी **06 जुलाई, 2022** को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से **अग्रदूत समाचार पत्र समूह** के **स्वर्ण जयंती समारोह** का शुभारंभ करेंगे। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा अग्रदूत के स्वर्ण जयंती समारोह समिति के मुख्य संरक्षक हैं। **अग्रदूत की शुरुआत असमिया पाक्षिक** के रूप में हुई थी। इसकी स्थापना असम के वरिष्ठ पत्रकार **कनक सेन डेका** ने की थी। **वर्ष 1995 में इसका नियमित दैनिक समाचार पत्र के रूप में प्रकाशन शुरू हुआ** और जल्दी ही यह असम का विश्वस्त और प्रभावशाली स्वर बन गया।

'मोदी एट ट्वेंटी: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक

दिल्ली विश्वविद्यालय में 05 जुलाई, 2022 को **'मोदी एट ट्वेंटी: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक** पर विशेष चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पुस्तक मौजूदा प्रधानमंत्री की जीवनी नहीं है बल्कि एक ऐसी असाधारण किताब है, जिसे वर्तमान कैबिनेट के मंत्रियों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के अलावा कई क्षेत्रों के लोगों ने मिलकर लिखा है। ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक **ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित** और **रूपा द्वारा प्रकाशित** है। यह अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एन.एस.ए. अजीत डोभाल, इंफोसिस के नंदन नीलेकणी व सुधा मूर्ति, कोटक महिंद्रा बैंक के उदय कोटक तथा शटलर पीवी सिंधु सहित अन्य **प्रतिष्ठित लोगों द्वारा लिखे गए 21 लेखों का संकलन है।**

जूनियर फर्डिनेंड मार्कोस

जूनियर फर्डिनेंड मार्कोस ने मनीला में **फिलीपींस के 17वें राष्ट्रपति** के रूप में शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति **रोड्रिगो दुतेर्ते** का स्थान लिया। रोड्रिगो दुतेर्ते की पुत्री सारा दुतेर्ते ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। 64 वर्षीय मार्कोस को देश में महामारी, अत्यधिक महंगाई और बढ़ते कर्ज के बोझ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। **फर्डिनेंड** ने राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले संबोधन में **फिलीपींस में लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुमत से मिली जीत के लिये आभार** व्यक्त किया। **फिलीपींस के संविधान** में राष्ट्रपति का **कार्यकाल छह वर्ष** का होता है। **भारत और फिलीपींस** दोनों देशों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद **1949** में औपचारिक रूप से **राजनयिक संबंध** स्थापित किये। भारत ने **1992** में **लुक ईस्ट पॉलिसी** की शुरुआत करते हुए **आसियान** के साथ साझेदारी में वृद्धि की जिसके फलस्वरूप **फिलीपींस** के साथ **द्विपक्षीय** और **क्षेत्रीय संबंधों** में भी तेज़ी आई। **एक्ट ईस्ट पॉलिसी (Act East Policy)** के तहत भारत-फिलीपींस संबंधों में अधिक विविधता देखने को मिली है। भारत का फिलीपींस के साथ एक **सकारात्मक व्यापार संतुलन** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-july-2022